C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:52 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:24 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 281 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 8 मई 2025

प्रेस शो से ऐन पहले राजकुमार...पेज-3 पर

# एक देश, एक चुनाव: 20 को उत्तराखंड आएगी संयुक्त संसदीय समिति

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त संसदीय समिति विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मिलकर एक देश, एक चुनाव पर उनकी राय लेगी। समिति सबसे पहले महाराष्ट्र फिर उत्तराखंड में फीडबैक लेगी।

एक देश, एक चुनाव को लेकर चल रही बहस के बीच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) 20 मई को उत्तराखंड पहुंचेगी। इस समिति में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी समेत 40 सांसद शामिल हैं। जेपीसी अपने दौरे की शुरुआत महाराष्ट्र और उत्तराखंड से करने जा रही है।



संसदीय समिति 20 से 22 मई तक उत्तराखंड में रहेगी। यहां विभिन्न राजनैतिक दलों और हितधारकों से बातचीत करेगी। जेपीसी में अध्यक्ष के तौर पर पीपी चौधरी मौजूद रहेंगे। भारत सरकार के स्तर पर संयुक्त संसदीय समिति में 40 सांसद इसके सदस्य हैं। समिति 20 मई की शाम देहरादून पहुंचेगी।

**मुलाकात**

- **राजनैतिक दलों और हितधारकों से करेगी बात**

इसके बाद 21 मई को संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य सुबह मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक से मिलकर एक देश, एक चुनाव को लेकर बात करेंगे। साथ ही गृह विभाग, वित्त, कानून, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्षों से भी सुझाव लेगी। समिति यहां एनटीपीसी, टीएचडीसी के अधिकारियों से भी मुलाकात करेगी।

संयुक्त संसदीय समिति विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मिलकर एक देश, एक चुनाव पर उनकी राय लेगी। अपने दौरे के आखिरी दिन 22 मई को समिति राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों से मिलकर उनकी राय जानेगी। इस दौरान राज्य के वरिष्ठ अधिवक्ता, बार काउंसिल के सदस्य, आईआईटी रुड़की के अधिकारी व लोक कलाकारों से भी समिति सदस्य मिलेंगे। संयुक्त संसदीय समिति उत्तराखंड के बाद देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर एक देश, एक चुनाव पर रायशुमारी करेगी और अपनी रिपोर्ट संसद में देगी।

## News कॉर्नर

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर कार्यशाला

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशानुसार स्कूलों में दूसरे चरण में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर कार्यशाला शुरू हो गई है इसी क्रम में डी ए वी स्कूल हल्द्वानी में कार्यशाला का आयोजित की गई। महिला और बाल विकास विभाग नैनीताल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित की गई।
कार्यशाला में विभिन्न विभाग से आए हुए अधिकारियों द्वारा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। बाल विकास अधिकारी शिल्पा जोशी को बालिकाओं से वार्ता करते हुए ऐसे स्थानों के बारे में पूछा जहां पर वह असुरक्षित महसूस करती हैं। बालिकाओं द्वारा विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया गया और साथ ही बताया गया कि चिन्हित जगहों पर आराजत्व झुंड बनाकर कुछ बैंक्वेट हॉल, दुकानों, होटल्स एवं ठेलों पर खड़े रहते हैं। इन कार्यक्रमों को दोबारा शुरू करने का उद्देश्य पहले हुई कार्यशाला का फीडबैक एवं नई जगह चिन्हित करना है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षिकायें, बालिकाएं, आदि रहे।

### तीन जिलों में बारिश-ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज मौसम को लेकर पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा में मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। यहां पर गर्जन के साथ ओलावृष्टि की संभावना है।
मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के तीन जिलों पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना है। जबकि, दून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग सहित आठ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा में मध्यम से भारी बारिश के आसार हैं। यहां पर गर्जन के साथ ओलावृष्टि की संभावना है। साथ ही 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी।

**केदारनाथ हेली सेवा भी रोकी, हेलिपैड पर यात्री हुए परेशान**

# उत्तरकाशी में हेलिकॉप्टर क्रैश पायलट समेत छह लोगों की मौत

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

उत्तरकाशी के गंगनानी से आगे एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन की टीम मौके के लिए दौड़ पड़ी। हादसे में छह यात्रियों की जान चली गई।

उत्तरकाशी जिले में आज सुबह एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में छह लोगों के मौत हो गई है। पुलिस-प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचते ही टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इस हादसे के बाद तीनों हेलिपैड गुप्तकाशी, सिरसी और फाटा से केदारनाथ हेली सेवा रोक दी गई है। गुरुवार सुबह करीब पौने नौ बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास एक हेलिकॉप्टर क्रैश होने की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, फायर, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हेलिकॉप्टर एयरोट्रांस कंपनी का था, जिसने आज सुबह सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में पायलट सहित सात लोग सवार थे, जिनमें छह यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक यात्री घायल हैं। सवार चार यात्री मुंबई और दो आंध्रप्रदेश के बताए जा रहे हैं।



### सीएम ने जताया दुख

हेलिकॉप्टर हादसे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। ईश्वर हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। कहा कि इस संबंध में लगातार अधिकारियों के संपर्क में हूं और हर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

### इमरजेंसी लैंडिंग

बीते सोमवार पांच मई को भी बदरीनाथ धाम क्षेत्र में मौसम खराब होने के कारण तीर्थयात्रियों को लेकर बदरीनाथ से देहरादून जा रहे एक हेलिकॉप्टर को गोपेश्वर खेल मैदान में इमरजेंसी लेंडिंग करनी पड़ी। करीब पांच मिनट तक मैदान में रहने के बाद हेलिकॉप्टर देहरादून के लिए रवाना हो गया। मौसम खराब होने के कारण तीर्थयात्रियों को बदरीनाथ के दर्शन कर देहरादून जा रहे हेलिकॉप्टर ने गोपेश्वर पुलिस मैदान में इमरजेंसी लेंडिंग करनी चाही।

# तीन लोगों ने सरकारी बंजर भूमि को अपना बता लाखों रूपए में बेची

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

ग्राम भमरौला में सरकारी बंजर भूमि को अपना बताकर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को 3-18 लाख रूपये में प्लाट का सौदाकर उसे बेच दिया और उसकी रजिस्ट्री कराकर बेनामा भी करा दिया। बाद में सच्चाई सामने आने पर सौदागरों ने न तो रूपया वापस किया और न ही अन्य स्थान पर भू खण्ड उपलब्ध कराया। साथ ही उसे जान से माने की धमकी दे ड़ाली।

कोर्ट के आदेश पर आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। परविन्द कुमार पुत्र रामजी सिंह निवासी ग्राम भगचुरी पोस्ट नौसर थाना खटीमा हाल निवासी सनसिटी बिगवाड़ा ने रवि शंकर शुक्ला पुत्र रमाशंकर शुक्ला निवासी शुक्ला फार्म रूद्रपुर, अरविन्द कुमार शर्मा पुत्र जगत स्वरूप शर्मा निवासी प्रीत नगर किच्छा व सन्तोष मणि त्रिपाठी हाल निवासी खेड़ा रूद्रपुर के विरूद्ध कहा है कि उसकी मुलाकात वर्ष 2013 में रवि शंकर शुक्ला , अरविन्द कुमार शर्मा तथा सन्तोष मणि त्रिपाठी हुई तो उन्होनें बताया कि वे लोग ग्राम भमरौला में आवासीय प्लाटिंग कर रहे हैं। वह प्लाट लेने को तैयार हो गया और कुल तीन लाऽ अठ्ठारह हजार रूपये उक्त लोगो को अदा किये। 5 अगस्त 2013 को माता जी श्रीमती सरोज देवी पत्नी रामजी निवासी ग्राम भगचुरी, खटीमा के नाम से आवासीय प्लाट रजिस्ट्री बैनामा हो गया। इसके बाद दािऽल ऽारिज भी हो गया। उसका कहना है ढ़ाई वर्ष पूर्व वह मौके पर गया तो जानकारी मिली कि चौहद्दी दर्शाकर उक्त लोगो ने जो प्लाट बेचा था वह वर्ग 1क संक्रमणीय अधिकारी वाली भूमि न होकर बंजर (सरकारी) भूमि है जो कि उक्त लोगो ने गलत व कूटरचित खतौनी व असल तथ्य छुपाकर धोखाधड़ी से उसके रूपये हड़पने के लिए जानबूझकर ऐसा किया। उसने उक्त लोगो से सही प्लाट देने या रूपया वापस करने के लिए कहा तो उक्त लोग टाल-मटोल कर बंजर भूमि पर कब्जा कर मकान बनाने के लिए दवाब बनाने लगे जिसको उसने इन्कार कर दिया। आरोप है अपने साथियों के साथ जब उनसे मिलने गया तो उन्होंने कहा अब आगे से कभी प्लाट या रूपये की बात की या कानूनी कार्यवाही की या रिपोर्ट लिखाई तो जान से मार देंगें। मामले की शिकायत पुलिस से करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कैंटर में घुसी पुलिस वैन, एक दरोगा-तीन कांस्टेबल और एक कैदी की मौत

**एक पुलिसकर्मी घायल**

**अलीगढ़**

**हमारे संवाददाता**

न्यायालय में पेश करने के लिए कैदी को लेकर जा रही पुलिस वैन कैंटर से जा टकराई। हादसे में एक दरोगा, तीन कांस्टेबल और कैदी की मौत हो गई। एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

अलीगढ़ के थाना लोधा क्षेत्र के बाईपास हाईवे के चिकावटी मोड़ पर फिरोजाबाद से मुजफ्फरनगर मुलजिम लेकर जा रही पुलिस की वैन आज सुबह 8.15 बजे खड़े कैंटर से टकरा गई। हादसे में एक दरोगा, तीन पुलिसकर्मी सहित पांच की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। एक पुलिसकर्मी घायल है। सूचना पर पुलिस अधिकारी, फोर्स व क्रेन के साथ पहुंचे। पुलिस ने घायल सिपाही को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शवों को पोस्टमार्टम को भेजने के साथ पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि पीछे जा रही बस के चालक ने ओवरटेक किया तो आगे निकालते समय हाईवे पर खड़े कैंटर में पुलिस वैन घुस गई। जिससे इतना बड़ा हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शी दुर्गा पाल ने बताया कि वह अपने खेत में चारा काट रहा था। इसी दौरान जोरदार धमाके की आवाज हुई। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो पुलिस की गाड़ी खड़े कैंटर में घुस गई थी। जिसमें सवार पांच पुलिसकर्मी व एक मुलजिम गंभीर रूप से घायल हो गए। मुलजिम और एक पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई।

# सर्वदलीय बैठक खत्म, खरगे बोले- संकट में हम सरकार के साथ

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। यह बैठक संसद के एनेक्सी बिल्डिंग में हुई। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे।

इस दौरान विपक्ष के नेताओं को जवाबी कार्रवाई और भविष्य की तैयारियों की जानकारी दी गई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने हालात को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक समाप्त हो गई है। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सरकार के साथ हैं। खरगे ने कहा कि कुछ चीजें ऐसी हैं, जिनके बारे में हमें गोपनीयता का हवाला देकर जानकारी नहीं दी गई। राहुल गांधी ने कहा कि हमने सरकार को पूरा समर्थन दिया है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे। इनके अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे। इनके अलावा कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में सरकार विपक्ष के नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बाद की जवाबी कार्रवाई और भविष्य की तैयारियों को लेकर जानकारी दे रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों को लेकर स्थानीय बलों के साथ लगातार संपर्क में हैं। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमलों के बाद पाकिस्तान की ओर से युद्धविराम उल्लंघन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। रक्षा अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सेना और सुरक्षा बल पाकिस्तान की किसी भी संभावित गलत हरकत के लिए हाई अलर्ट पर हैं। कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ सरकार को पूरा समर्थन और सेना के साथ एकजुटता दिखाते हुए 'संविधान बचाओ रैलियों' समेत पार्टी के सभी तय कार्यक्रम रोक दिए हैं। वहीं तनाव के माहौल में पीएम मोदी ने तीन देशों का दौरा रद्द कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी 13 से 17 मई तक नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड के दौरे पर जाने वाले थे।



# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जश्न

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से हर तरफ खुशी का माहौल है। रुद्रपुर में भाजपाईयों ने एकत्र होकर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरित कर जश्न मनाया।

इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाये गये। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का जो वायदा किया था, उसे जाबांज भारतीय सेना ने पूरा कर दिखाया है। भारतीय सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राईक करके अपनी वीरता का एक उदाहरण विश्व के सामने प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री मोदी पूरी सूझ बूझ और सटीक रणनीति का परिचय दिया और विश्व के अन्य देशों को भी विश्वास में लेकर पाकिस्तान में घुसे बिना मिसाइलों से हमला करके यह दिखा दिया कि भारत अब गोली का जवाब मिसाईल से देने में सक्षम है। आपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर बहुत बड़ी चोट है। इससे आतंकवाद की कमर टूटेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का चरित्र पूरे विश्व के सामने उजागर हो चुका है। वह आतंक को बढ़ावा देकर बार बार भारत के ललकार रहा था। अब भारतीय सेना ने जो जवाबी कार्रवाई की है उससे आतंकवाद भी मोदी के सामने घुटने टेक चुका है। सेना ने इस ऑपरेशन से विश्व के सामने इतिहास रच दिया है। इस जवाबी कार्रवाई से विश्व को भारत की ताकत का अहसास हो गया है। इस दौरान मेयर विकास शर्मा,देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह,पारस चुघ, प्रमोद शर्मा, महेन्द्र आर्या, गोविंद शर्मा, विजय तोमर, जितेन्द्र कुमा, जगदीप भाटिया, अशफाक, दिनेश श्रीवास्तव, सत्री अरोरा, पवन रंगीला, जितेन्द्र संधू, जितेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।

**खुशी**
- भारतीय सेना का पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर
- आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह पहलगाम हमले के बाद आतंकियों और उनके आकाओं को सजा देने की बात कही थी वह इस जवाबी कार्रवाई के बाद बिल्कुल सटीक साबित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जो कहते हैं वह करते हैं। सेना के शौर्य एवं पराक्रम की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार जताया। -**अजय भट्ट, संसदीय क्षेत्र सांसद, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल ऊधम सिंह नगर***

## NEWS / फटाफट

### पाकिस्तान पर हुई कार्रवाई पर मिष्ठान वितरण



**नैनीताल ।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान पर हुई कार्रवाई से भारत में अब जश्न का माहौल है। बुधवार को नैनीताल में रामलीला मैदान में व्यापार मंडल के द्वारा भी बाजार में पाकिस्तान पर भी कार्रवाई पर खुशी जताते हुए मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान मल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी,महासचिव त्रिभुवन सिंह फ र्तियाल समेत राजू वर्मा, मोहन बिष्ट, अतुल साह, गिरीश जोशी, मो. सब्बू तथा रईस खान आदि मौजूद रहे।

### ससुराल में रह रहा युवक फंदे पर झूला

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में ससुराल में रह रहा युवक ने अज्ञात कारणों के चलते टीन शेड कमरे में गले में फंदा लगाकर लटक गया। परिजनों ने उसे लटका देख होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक ग्राम लकुचा, थाना खीरी जिला लखीमपुर यूपी निवासी 23 वर्षीय हरिओम पुत्र मंगल सिंह का विवाह एक साल पहले ज्योति से हुआ था। मार्च माह में वह पत्नी के साथ रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप शिवनगर में अपने ससुरालियों के साथ रहने लगा। साथ ही मजदूरी कर गुजर बसर करने लगा। हरिओम के ससुर नन्हे ने बताया कि बुधवार शाम को वह दो मंजिला पर बने टीन शेड पर चला गया। काफी देर तक जब वह नीचे नहीं आया तो आवाज लगाई। कोई जवाब न आने पर वे लोग छत पर बने टीन शेड में गए तो अंदर से दरवाजा बंद था। खिड़की से झांककर देखा तो वह छत पर लगे बल्ली पर धोती का फंदा बनाकर लटका हुआ मिला। यह देख उसकी पत्नी ज्योति का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। आसपास के लोग आए और दरवाजा तोड़कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर ट्रांजिट कैंप थानाध्यक्ष मोहन पांडे पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के पास से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। घटना की सूचना पर मृतक के परिवार के लोग भी पहुंच गए।

### फॉगिंग तथा लार्वासीडल के छिड़काव कराया

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में संपूर्ण हल्द्वानी नगर अंतर्गत फॉगिंग तथा लार्वासीडल के छिड़काव हेतु नगर निगम हल्द्वानी द्वारा रोस्टर तैयार कर रोस्टर के अनुसार नगर के वार्ड संख्या 01 तथा वार्ड संख्या 60 से नगर में फॉगिंग तथा लार्वासीडल के छिड़काव कार्य को प्रारंभ किया गया। फॉगिंग कार्य हेतु 01 छोटी तथा 01 बड़ी फॉगिंग मशीन प्रयुक्त की जा रही है तथा लार्वासीडल छिड़काव ट्रैक्टर के द्वारा किया जा रहा है इमर्जेंसी की स्थिति में टीम टी -3 का भी गठन किया गया है, जो कि किसी क्षेत्र मे कोई डेंगू का केश निकलता है, तो वहां फॉगिंग करेगा। इस सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी देते हुए नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने अवगत कराया कि नगर के सभी वार्डों में रोस्टर के अनुसार फॉगिंग की जाएगी।



## भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगा भाजपाइयों ने किया मिष्ठान वितरण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देश की आन, बान और शान और भारतीय सेना के उत्साहवर्धन के लिए नैनीताल नगर के भाजपाइयों ने बुधवार को जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे वहीं दूसरी ओर मिष्ठान वितरण किया।

बता दें बुधवार को अपराह्न एक बजे मल्लीताल बड़ा बाजार में भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए,उसके बाद मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कहा कि आज जब देश मजबूत नेतृत्व के हाथों में है तब सेना का हौसला भी सातवें आसमान पर है। कहा कि देश की सैन्य क्षमता पहले से कहीं अधिक मजबूत हो चुकी है और अब हर दुश्मन को उसके दुस्साहस की भयंकर कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक मिष्ठान वितरण नहीं बल्कि उन वीरों के प्रति हमारा समर्पण है जिनकी बदौलत हम निश्चिंत जीवन जी रहे हैं। सभी कार्यकर्ता मिलकर भारतीय सेना को सलामी दें और उनका मनोबल ऊंचा करें। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी समेत हरीश सिंह राणा, युवराज,हिमांशु जोशी, भुवन जोशी, अतुल पाल, आनंद बिष्ट, राहुल नेगी, मनोज कुमार, शैलेश बिष्ट, भारत सिंह मेहरा, निखिल बिष्ट, कैलाश मिश्रा, विकास जोशी, गोविंद सिंह, कन्हैया लाल गुप्ता व मोहित साह व मीरा बिष्ट आदि कई भाजपाई शामिल रहे।

## अलर्ट मोड पर ऊधम सिंह नगर पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

एसएसपी ने एयर स्ट्राइक संबंधी कार्रवाई की संवेदनशीलता के दृस्टिगत सभी थाना प्रभारियों तथा चौकी प्रभारियों को जनपद बॉर्डर पर संघन चैकिंग करने और संदिग्ध, असामाजिक तत्वों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही

थाना एरिया,बॉर्डर पर पुलिस बल की भौतिक रूप से मौजूद बनाए रखने को भी निर्देशित किया गया। इसी के तहत पुलिस ने जनपद के बॉर्डर क्षेत्रों पर संघन चैकिंग शुरू कर दी। पुलिस ने कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र रामपुर बार्डर पर एसएसआई ललित मोहन रावल, चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली, चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह ने वाहनों समेत पैदल आने वालों की चैकिंग की। इसके अलावा थाना केलाखेड़ा, सितारगंज, गदरपुर, काशीपुर पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रों में आने वालों और संदिग्धों की चैकिंग की। खटीमा से लगी नेपाल बार्डर पर अर्द्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने चैकिंग की।

**कार्रवाई**
- एयर स्ट्राइक के दृष्टिगत जनपद में संघन चैकिंग अभियान
- एसएसपी के निर्देश पर पुलिस की बार्डर पर कार्रवाई



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

## विधायक ने ऑपरेशन सिंदूर को बताया निर्णायक कार्रवाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा ने बयान जारी करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा था आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान जहाँ आतंक की फैक्ट्री चलती है उनको मिट्टी मे मिलाने की बात कही थी।

देर रात देश की सेना ने सयुक्त ऑपरेशन सिंदूर के अन्तर्गत जिस प्रकार से पाकिस्तान में जेहादियों के आतंकी अड्डों को एयर स्टाइक के कर मिसालों से निस्तानाबूत कर मिट्टी में मिलाने का कार्य किया है , पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। देश की सेना ने एक बार फिर से साबित कर दिया है भारत घर में घुस कर मारता है। विधायक ने इस ऐतिहासिक कार्य के लिये देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़संकल्प और सेना के पराक्रम को साधुवाद किया। विधायक ने कहा कि आतंकियों के 9 से अधिक अड्डे मिसाल अटैक में मिट्टी में मिल गये जिसमें भारत के निर्दोष नागरिकों को मारने वाले आतंकी व उनके आका मिट्टी में मिल गये। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर गर्व है जिनके निर्देशन में भारतीय सेना के इस निर्णायक कार्यवाही को सफल बनाया। भारतीय सेना पर सदैव गर्व है जिसने भारत के मान को आगे बढ़ाने का कार्य किया।पाकिस्तान जो आतंक का अड्डा बन चुका था उसको एयर स्टाइक कर मुँहतोड़ जवाब दिया है।

**गर्व**
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश की सेना ने पाकिस्तान को मुँहतोड़ जवाब देकर तोड़ी आतंक की कमर

## कुमाऊं विवि में उत्तराखंड सरकार के प्रोजेक्ट गौरव के तहत तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग में उत्तराखंड सरकार के प्रोजेक्ट गौरव के तहत तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। स्टॉक मार्केट की बुनियादी समझ और निवेश के अवसर विषय पर आयोजित संगोष्ठी में छात्रों के साथ अहम जानकारियां साझा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा एवं संकायाध्यक्ष विज्ञान संकाय प्रो. चित्रा पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यवाहक विभागाध्यक्ष डॉ. आरती पंत ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ममता जोशी लोहुमी ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने आयोजन के उद्देश्य एवं महत्व साझा किया। कहा कि यह संगोष्ठी छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक होगी, बल्कि विद्यार्थियों में निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास सिद्ध होगी। इस अवसर पर सेबी से जुड़े वरिष्ठ ट्रेनर एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अंकुर भटनागर ने स्टॉक मार्केट की कार्यप्रणाली, जोखिम प्रबंधन तथा निवेश रणनीतियों पर गहन जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को निवेश से जुड़ी भ्रांतियों से अवगत कराते हुए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ. पूजा जोशी ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को वित्तीय साक्षरता की ओर प्रेरित करना और उन्हें निवेश की नई संभावनाओं से जोड़ना है। संगोष्ठी में प्रो. अर्चना श्रीवास्तव, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, डॉ. विजय कुमार, डॉ. शशि पांडे, डॉ. हरिप्रिया पाठक, डॉ. शिवांगी चन्याल, डॉ. सरोज पालीवाल, डॉ. ईरा उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. गौतम रावत, रितिशा शर्मा, पंकज भट्ट, दीक्षा पंत आदि रहे।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत


# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की महत्वपूर्ण बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के नैनीताल क्लब में बुधवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता निखिल बिष्ट तथा बैठक का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की द्वारा किया गया।

इस अवसर पर गजाला कमाल, मोहम्मद मोसिन, सलमान जाफ री, मोहम्मद आसिफ , अरविंद सिंह पडियार, भारत सिंह मेहरा, संतोष कुमार, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह रावत और राहुल नेगी आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य विषय वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2025 था जिसमें मुस्लिम समाज में उठ रही भ्रांतियों को दूर करने और प्रत्येक मुस्लिम परिवार तक सटीक जानकारी पहुँचाने पर जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि वक्फ संशोधन विधेयक के जरिए अब वक्फ संपत्तियों का पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है। यह संशोधन न केवल वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा करेगाए बल्कि मुस्लिम समाज को उनका विधिक अधिकार भी मजबूती से दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। इस विधेयक के माध्यम से वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड



अनिवार्य किया गया है तथा अतिक्रमण रोकने हेतु सख्त प्रावधान जोड़े गए हैं तथा इन संपत्तियों से होने वाली आय को अब शिक्षा व स्वास्थ्य और रोजगार पर केंद्रित किया जाएगा। इसके साथ ही वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली को जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए भी ठोस बदलाव किए गए हैं।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा मुस्लिम समाज को इस संशोधित विधेयक की सही जानकारी दी जाएगी ताकि वे इसके लाभों से सीधे जुड़ सकें। साथ ही विधेयक के अन्य सकारात्मक पहलुओं को भी आगामी कार्यक्रमों में विस्तार से समझाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने बताया कि मुस्लिम समाज को भ्रमित करने वाली शक्तियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह विधेयक समाज को सशक्त और जागरूक बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# अभिमत

## घूम रही है मौत!

*यह कहना अनुचित नहीं होगा कि उत्तराखंड की सड़कों पर मौत घूम रही है। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि जो गोशाला बनाई गई हैं और प्रस्तावित हैं, उनका मौका मुआयना कर फोटोग्राफ अदालत में पेश करें। इससे पहले नगर निगम हल्द्वानी की ओर से शपथ पत्र पेश करके कहा गया था कि कोर्ट के आदेश पर गोशाला बनाई जा रही है, जिसमें लावारिस पशुओं को पकड़ कर रखा जा रहा है। कोर्ट में पेश शपथ पत्र पर सवाल उठना लाजिमी है, क्योंकि लावारिस पशु सैकड़ों की संख्या में सड़क पर देखने को मिल रहे हैं।*

राष्ट्रीय-राज्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों में लावारिस पशु अनेक लोगों की जान ले चुके हैं। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि उत्तराखंड की सड़कों पर मौत घूम रही है। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि जो गोशाला बनाई गई हैं और प्रस्तावित हैं, उनका मौका मुआयना कर फोटोग्राफ अदालत में पेश करें। इससे पहले नगर निगम हल्द्वानी की ओर से शपथ पत्र पेश करके कहा गया था कि कोर्ट के आदेश पर गोशाला बनाई जा रही है, जिसमें लावारिस पशुओं को पकड़ कर रखा जा रहा है। कोर्ट में पेश शपथ पत्र पर सवाल उठना लाजिमी है, क्योंकि लावारिस पशु सैकड़ों की संख्या में सड़क पर देखने को मिल रहे हैं। सरकार ने कोर्ट के आदेश पर गोशाला के लिए जमीन दी है। करीब दो करोड़ रुपये कार्यदायी संस्था को जारी किये गये हैं। यह भी कहा गया है कि गोशाला में दो हजार पशु रखे जा सकते हैं। वर्ष 2023 में जनहित याचिका दायर की गई थी। तब से अब तक लावारिस पशुओं ने अनेक लोगों की जान ले ली। सड़क पर दुर्घटना से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। संकरी गलियों में लावारिस पशुओं से बचना असंभव हो जाता है। चौड़ी सड़कों पर लावारिस पशु दौड़ते हैं तो दोपहिया वाहन से टकराने पर चालक की मौत हो जाती है। लावारिस पशु को बचाने के प्रयास में चारपहिया वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। हल्द्वानी में लावारिस पशुओं के बारे में जनप्रतिनिधियों से अनेक बार शिकायत की जा चुकी है। जनप्रतिनिधि प्रशासन से कहकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। लावारिस पशुओं के कारण किसी की मौत हो जाने पर प्रशासन द्वारा एक-दो दिन पशुओं को पकड़कर शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र में छोड़ा जाता है। कुछ दिन बाद पशु पुनः शहर में आ जाते हैं। शहर में घूमने वाले पशुओं में कई पालतू होते हैं। पशुपालक सुबह-शाम दूध निकालने के बाद लावारिस छोड़ देते हैं। नगर निगम और नगर पालिका ने पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है, लेकिन अमल नहीं किया। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से गोशाला के फोटोग्राफ पेश करने को कहा है, यह पूरी तरह सही नहीं है। शासन और प्रशासन से पूरे राज्य में गोशाला कब तक बन जायेंगी और गोशाला बनने से पहले तारबाड़ वाली अस्थाई गोशाला में लावारिस पशुओं को रखने के बारे में पूछा जाना चाहिए, जिससे फौरी तौर पर समस्या का समाधान हो सके।

## किसानों को ओलावृष्टि से से हुए नुकसान का जायजा लिया

**धारी।** भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा ने रामगढ ब्लॉक के सुपी व धारी ब्लॉक के कौल तथा धारी आदि गांवों का दौरा कर विगत दिनों हुई भारी ओलावृष्टि से किसानों की फलों व फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया।

इस दौरान विधायक कैड़ा ने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र का ओखलकांडा, धारी व रामगढ व भीमताल ब्लॉक फ ल व सब्जी व काश्तकार बाहुल्य क्षेत्र है यहां के ग्रामीण केवल कृषि पर निर्भर रहकर अपना जीवन यापन करते हैं। विधायक कैड़ा ने कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारियो से कहा विगत दिनों हुई भारी ओलावृष्टि से भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी व रामगढ व भीमताल ब्लॉको में किसानों के आड़ू, पुलम, खुमानी व टमाटर तथा मिर्च व आलु, मटर व बीन आदि फ ल व फ सलों को काफी नुकसान हो गया है विधायक ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से किसानों की फ ल व फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर किसानों के नुकसान का मुवावजा देने को कहा है।

# डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की स्मृति पर चार दिवसीय व्याख्यानमाला तृतीय दिवस भी जारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की स्मृति पर आयोजित चार दिवसीय व्याख्यानमाला बुधवार को तृतीय दिवस भी जारी रही।

बता दें कि व्याख्यानमाला का विषय डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का सामाजिक सुधार में योगदान था। व्याख्यानमाला की अध्यक्षता दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा की गयी तथा संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस मौके पर आर0 एस0 सम्मल, कु0 दीपा आर्या, टी0पी0एस0 टाकुली, अविदित नौलियाल व कु0 सुखवानी सिंह तथा जयवर्धन काण्डपाल आदि अधिवक्ताओं द्वारा डॉ भीम राव



अम्बेडकर जी द्वारा सामाजिक सुधार में योगदान पर विस्तृत रूप से उपस्थित हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों के सम्मुख अपने विचार रखे।

इस अवसर पर सैय्यद नदीम खुर्शीद,भुवनेश जोशी,आनन्द सिंह मेर, विश्व प्रकाश बहुगुणा, टी0 एस0 फ र्त्याल, योगेश पचोलिया, नवनीश नेगी, त्रिलोचन पाण्डे, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा,एम0एस0 भंडारी,शैलैन्द्र नौरियाल, पूरन सिंह रावत,अक्षय लटवाल,दीप चन्द्र जोशी,राहुल अधिकारी,एन0 के0 पपनोई,अभिषेक जोशी, विपिन मोहन पिंगल तथा राजेश शर्मा आदि कई अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

# फिल्मी दुनिया

## प्रेस शो से ऐन पहले राजकुमार की फिल्म की रिलीज कैंसिल



*राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म 'भूल चूक माफ' अब सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। निर्माताओं ने इसे ओटीटी पर स्ट्रीम करने का फैसला लिया है। हिंदी सिनेमा में किसी फिल्म की रिलीज ऐन रिलीज के एक दिन पहले कैंसिल हुई हो, ऐसा कम ही सुनाई देता है। लेकिन, बॉक्स ऑफिस पर लगातार फ्लॉप फिल्मों से जूझते रहे अभिनेता राजकुमार राव की नई फिल्म 'भूल चूक माफ' अब सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। इसके निर्माताओं ने फिल्म को अगले शुक्रवार सीधे ओटीटी पर रिलीज करने का फैसला किया है। फिल्म के प्रेस शो आज दिल्ली और मुंबई में दोपहर बाद होने थे। कारोबारी सूत्रों के मुताबिक फिल्म 'भूल चूक माफ' की रिलीज के एक दिन पहले तक फिल्म को लेकर न तो दर्शकों में और न ही ट्रेड में किसी तरह का कोई माहौल दिख रहा था। और, ये इसके बावजूद की फिल्म की लीड कास्ट राजकुमार राव और वामिका गब्बी तकरीबन आधा देश इसका प्रचार करने के लिए घूम आए हैं। लगातार दो ब्लॉक बस्टर फिल्में 'स्त्री 2' और 'छावा' रिलीज कर चुकी निर्माता दिनेश विजन की कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने अपनी अगली फिल्म 'भूल चूक माफ' अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के लिए बनाई है और फिल्म को सीधे ओटीटी पर रिलीज करने का फैसला भी अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने ही लिया है।*

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बने हालात

*गौरतलब है कि भारतीय सिनेमाघरों में किसी भी फिल्म को रिलीज करने से पहले निर्माताओं को एक निश्चित रकम सिनेमाघर मालिकों व मल्टीप्लेक्सचेन मालिकों को देनी होती है, इसके बाद ही कोई भी फिल्म सिनेमाघरों मे दिखाई जा सकती है। इसके बाद फिल्म की टिकटों की बिक्री के बंटवारे के प्रतिशत को लेकर भी निर्माताओं और वितरकों में जंग चलती रहती है। हालांकि, फिल्म 'भूल चूक माफ' को सिनेमाघरों में न रिलीज करने के पीछे वजह देश में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बने हालात को बताया जा रहा है।*

# शिविर: धारी में विधायक राम सिंह कैड़ा ने सुनीं जनसमस्या

नैनीताल

हमारे संवाददाता

विधायक राम सिंह कैड़ा ने अपने शिविर कार्यालय धारी में जनसमस्या सुनीं। इस दौरान दूर दराज से आये हुई जनता ने अपनी समस्याए विधायक के सम्मुख रखी । मामले में विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल जनता की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप ग्राम प्रधान अघरिया पंकज कुमार, प्रदीप कुमार व विनोद कुमार ने विधायक के समक्ष ग्राम सभा अघरिया ग्वालाकोट से पंचायत घर कि ओर सडक् को पीएमजीएस्वाई के अधीन करने के लिए मांग की जिस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को सडक् का सर्वे करने के निर्देश दिये गये। कहा कि इस सडक् के बनने से अघरिया वासियों के कास्तकारों को लाभ मिलेगा तथा उनके घोड़ों व खच्चरों का खर्चा भी बच जाएगा ।



## News कॉर्नर

### घर से दिल्ली जाने के लिए निकला किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक किशोर घर से दिल्ली जाने के लिए निकला। वह न दिल्ली पहुंचा और ना वापस लौटा। परिजनों ने पुत्र के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर किशोर के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कर ली। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिवनगर निवासी मीना पत्नी विनोद विश्वकर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में महिला ने बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र प्रिंस 21 अप्रैल 2025 को लगभग सांय 4 बजे दिल्ली जाने के लिये निकला था। महिला ने बताया कि पुत्र न तो दिल्ली पहुंचा न ही घर वापस आया। पुत्र की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है, लेकिन पुत्र का कही पर कुछ पता नही चल रहा है। महिला ने पुत्र के साथ किसी भी तरह की अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से पुत्र की सकुशल बरामदगी करने की गुहार लगाई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### लैंगिग अपराधों बालकों के संरक्षण संबंधित विशेष न्यायाधीश की मांग की


**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के भाजपाईयों ने लैंगिग अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम से संबंधित विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) कोर्ट नैनीताल शहर में स्थापित करने की मांग की है। मामले को लेकर भाजपाईयों ने अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भी भेजा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह पोक्सो कोर्ट हल्द्वानी शहर में स्थापित है। कहा कि पोक्सों से जुड़े मामलों के लिए नैनीताल शहर में कोई अदालत नहीं होने से हल्द्वानी जाना आना पड़ता है।

# रंगकर्मियों की मांग: नाटक ओ जन्मया नई की शानदार प्रस्तुति

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल के रंगकर्मियों की बहुत पुरानी मांग नगर में नवनिर्मित जगदीश शाह प्रेक्षागृह ने पूरी कर दी है। यह नया प्रेक्षाग्रह सीआरएसटी इंटर कॉलेज के नवीन भवन में निर्मित किया गया है। युगमंच द्वारा नाटक ओ जन्मया नई की शानदार प्रस्तुति ने आयोजकों और दो दिन तक कलाप्रेमियों से खचाखच भरे हॉल में सभी को भाव विभोर कर दिया साथ ही सीआरएसटी इंटर कॉलेज के सीनियर तथा जूनियर विंग के विद्यार्थियों द्वारा एवं समाजसेवी आलोक शाह वह गीता शाह द्वारा भी गीतों भरी शानदार प्रस्तुति दी गई। इस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही जगदीश शाह प्रेक्षागृह का उद्घाटन भी हो गया तथा नैनीताल नगर के रंग कर्मियों की चिर प्रतीक्षित मांग भी पूरी हो गई। प्रेक्षागृह के निर्माण हेतु नेताओं और सरकारों ने कई बार आश्वासन दिए मगर रहे मगर ढाक के तीन पात वाली कहावत रही। इस बीच सीआरएसटी इंटर कॉलेज के प्रबंधक पद्मश्री अनूप शाह के प्रयासों से एक नए भवन का निर्माण हुआ जिसकी तीसरी मंजिल पर एक बड़े हॉल का भी निर्माण किया गया। उस हाल को समाजसेवी और दानवीर आलोक शाह एवं गीत शाह ने दिन.रात लगकर एक शानदार प्रेक्षाग्रह के रूप में निर्मित कर सरोवर नगरी को एक सौगात दी। मगर मानवीय मूल्यों ने हमेशा इन भावों को भरा है। नाटक अंततः इन



सब के ऊपर प्रेम और इंसानी जज्बे के सर्वोपरि होने को रेखांकित करता है। नाटक की मूल परिकल्पना मशहूर अभिनेता और निर्देशक स्वर्गीय निर्मल पांडे ने की थी इस प्रस्तुति का निर्देशन‌ए नगर के चर्चित रंगकर्मी और अभिनेता जहूर आलम द्वारा किया गया है। नाटक में भूमिका निभाने वाले सभी कलाकारों ने पूरी मेहनत से अपने किरदारों को निभाया और अपने चरित्र को जीवंत बनाकर दर्शकों को 2 घंटे की बड़े अंतराल तक न केवल बांधे रखा बल्कि भावविभोर कर वह वाही लूटी। दर्शकों की आंखें घर आईए बहुत देर तक खड़े होकर तालिया की गड़गड़ाहट और करतल ध्वनि से प्रेक्षागृह गूंजता रहा।

नाटक में जीवंत भूमिका निभाने वाले अभिनेताओं में मिथिलेश पांडे, मदन मेहरा, जहूर आलम, अदिति खुराना, मोहित, मनोज कुमार, नवीन बेगाना, कौशल शाह, पवन कुमार, नीरज डालाकोटी, वीरेंद्र शाह, सुरेश बिनवाल, विवेक खोलिया, हर्षिता बिष्ट, दीपक बोरा और दिनेश सिंह रहे निर्देशन सहायक के रूप में जितेंद्र बिष्ट मनोज कुमार और मदन मेहरा ने योगदान दिया नाटक का शुभ मधुर संगीत सनी जुबेर द्वारा तैयार किया था जिसे वर्तमान प्रस्तुति में नवीन बेगाना ने अपने संगीत निर्देशक से सजाया तबले पर संजय कुमार और गायको में डिंपल नैनवाल दिव्या आकाश हर्ष मनोज रोहित जोशी प्रेम गोस्वामी जतिन कुमार आदित्य और अमन महाजन थे रूप सजा में रोहित वर्मा और शाहिद अहमद प्रकाश संयोजन में अनिल कुमार सुनील कुमार और इंतखाब आलम स्क्रिप्ट संपादन में प्रदीप पांडे वित्त व्यवस्था में भास्कर बेस्ट रफत आलम सहित मंच संचालन हरदिल अजीज हेमंत बिष्ट द्वारा किया गया एवं प्रस्तुति में हिमांशु पांडे का विशेष सहयोग रहा।

# महिलाओं बच्चियों को जागरूक करने के लिए पंचायत का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सशक्त एकता उधोग वयापार मंडल की की ओर से उत्तराखंड में महिलाओं बच्चों के साथ हो रहे आपराधिक बलात्कार शोषण अन्य घटनाओं पर सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल महिलाओं बच्चियों को जागरूक करने के लिए एक पंचायत का आयोजन हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में उद्यमी दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षसुमित्रा प्रसाद, महेश शर्मा, पूर्व प्रदेश ग्राम प्रधान सलाहकार मदन बधानी वक्ता उपस्थित थे। महिलाओं को जागरूक करने के लिए अपने-अपने विचार मंच के माध्यम से रखें। रेनू अधिकारी ने महिलाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम की बहुत सराहना की, उन्होंने कहा कि मातृशक्ति को रानी लक्ष्मीबाई की तरह बनना चाहिए समाज में हमारे कुछ भेड़िए घुस आए हैं उत्तराखंड की शांत फिजाओं को बिगड़ने का काम किया है मातृशक्ति को



अपने बच्चों को जागरूक करना बहुत जरूरी है। सुमित्रा प्रसाद ने कहा कि आज की डेट में मातृशक्ति को सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चों को दूर रखने की सलाह दी और साथ ही उन्होंने कहा अपने बच्चों को बेड टच और गुड टच के बारे में बताया और मातृत्व का भाव समझाया जाये। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड हमारी देवभूमि है यह संस्कृति और संस्कारों के लिए जानी जाती है। महेश शर्मा ने कहा की सशक्त उद्योग व्यापार मंडल द्वारा यह बहुत अच्छी पहल की गई है जो की सारणी है सराहनी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल की महिला अध्यक्ष सीमा बत्रा ने की। कार्यक्रम का संचालन गंगासाही व काजल खत्री ने की। कार्यक्र म में 200 महिलाओं ने अपनी भागीदारी की। कार्यक्रम मे महामंत्री ज्योति अवस्थी, कुमार प्रभारी काजल खत्री, प्रभारी गंगासाही, वरिष्ठ उपाध्यय प्रगति जैन, उपाध्यक्ष पूनम जोशी, सच्ची वर्षा आर्य, जिला प्रभारी मंजूषा, जिला महामंत्री बबीता हालदार, कंचन रौतेला, तरनजीत कौर, माला आर्य, मंजू भट्ट, कंचन उप्रेती आदि लोग उपस्थित थे।

# नैनीताल व भवाली क्षेत्र में सर्वेक्षण-सत्यापन अभियान जारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 100 वर्ग गज से नीचे के रजिस्ट्री बैनामों के प्लॉटो/भूखण्डों की जांच हेतु जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण (डीडीए) की टीम द्वारा नैनीताल तथा भवाली क्षेत्र में सर्वेक्षण/सत्यापन अभियान जारी रखा।

बुधवार को भी जिले में विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा सत्यापन का कार्य कराया गया। 25 को नोटिस दिए गए। मामले में डीडीए के सचिव विजयनाथ शुक्ल के नेतृत्व में नैनीताल एवं भवाली क्षेत्र में चलाए गए सत्यापन अभियान में भवाली के रेहड में 40 भवनों का सत्यापन किया गया इनमें किसी का भी भवन नक्शा पास नहीं कराया था सभी अवैध पाए गए साथ ही जिन व्यक्तियों के नाम भवन थे उनमें से अधिकांश द्वारा घर किसी और को दिया गया टीम को मौके पर मिला। बुधवार को ही प्राधिकरण की टीम द्वारा नैनीताल में



पूर्व में सत्यापन के दौरान चिन्हित किए गए 25 भवन स्वामियों को नोटिस दिया गया। सचिव जिला विकास प्राधिकरण ने अवगत कराया कि नोटिस के उपरांत सम्बंधित द्वारा नियमानुसार नक्शा पास आदि की कार्यवाही की जाएगी इस सम्बन्ध में प्राधिकरण द्वारा एम मौका दिया जा रहा है उसके उपरांत धवस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

# 16 वें वित्त आयोग के जिला भ्रमण की विभिन्न तैयारियों को लेकर समीक्षा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

16 वें वित्त आयोग के जिला भ्रमण की विभिन्न तैयारियों को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार नैनीताल में बैठक कर भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा की ।

बैठक में बताया कि आगामी 20 और 21 मई को 16वें वित्त आयोग का नैनीताल भ्रमण और बैठक कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त भ्रमण के मद्देनजर विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विभागीय अधिकारियों को नोडल और सह नोडल अधिकारी बनाया गया है। बुधवार को इन अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी को दिए समय से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया कि जनपद भ्रमण के दौरान आयोग टीम द्वारा पर्यटन तथा उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों आदि के साथ जिला मुख्यालय नैनीताल में बैठक करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों, क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों आदि प्रतिनिधियों से मिल कर वार्ता करेगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यक्रम स्थल और क्षेत्र के सडक् मार्गो को दुरुस्त और पेच वर्ग का कार्य करने के साथ ही नैनीताल तथा भवाली नगर क्षेत्र में विशेष सफ ाई अभियान और स्वच्छता हेतु सम्बंधित अधिशासी अधिकारी को 15 मई तक करने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रो में जँहा आयोग की टीम द्वारा भर्मण किया जाएगा उन गॉव और क्षेत्र में झाड़ी कटान एवं सफ ाई व्यवस्था हेतु अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तथा आवास व्यवस्था हेतु संयुक्त मजिस्ट्रेट और एसडीएम को जबकि वाहन हेतु एआरटीओ को निर्देश दिए गए। इस प्रकार अन्य व्यवस्था हेतु सम्बंधित को निर्देश दिए गए।

बैठक में सीडीओ अशोक कुमार पाण्डेय,अपर जिलाधिकारी विवेक राय व पीआर चौहान, अधीक्षण अभियंता एम एस धर्मशक्तु, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, एसडीएम नवाजिश खलीक, प्रमोद कुमार, राहुल शाह, बीसी पंत, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी तथा आरटीओ समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### कल से बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल ।** खेल निदेशालय देहरादून और जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में 9 से 10 मई को डीएसए मैदान नैनीताल में इंटर स्कूल बालकों की बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में नैनीताल नगर क्षेत्र की टीमों को प्रतिभाग हेतु एंट्री दी जाएगी। जिला क्रीडा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम को जिला खेल कार्यालय नैनीताल की ओर से आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# श्रीमद् देवी भागवत महापुराण में देवी के पराक्रम को बताया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से आयोजित नौ दिनी श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के तीसरे दिन यानी बुधवार को व्यास देवेश शास्त्री ने देवी के विभिन्न रूपों और उनके पराक्रम के बारे में भक्तजनों को बताया। कथा में देवी के काली व लक्ष्मी और सरस्वती जैसे रूपों का वर्णन किया तथा और देवी के द्वारा असुरों का संहार और देवताओं का उद्धार बताया। व्यास शास्त्री ने देवी



को काली, लक्ष्मी और सरस्वती जैसे विभिन्न रूपों सहित जो देवी के क्रोध व समृद्धि और ज्ञान के प्रतीक उनका बारे में बताया । देवी के द्वारा असुरों का संहार में महिषासुर, चांडिका और मुंडिका और अन्य असुरों का संहार करके देवी धरती को असुरों के अत्याचार से मुक्ति दिलाने का मार्ग बताया। व्यास जी ने देवी के द्वारा देवताओं को संकट से मुक्ति दिलाने और उन्हें अमरता प्रदान करने का वर्णन भी किया।

व्यास जी ने देवी को त्रिशक्ति के रूप में दिखाया जो काली (शक्ति) लक्ष्मी (समृद्धि) और सरस्वती (ज्ञान) है तथा यह देवी के विभिन्न पहलुओं को एक साथ प्रदर्शित करता है। इस मौके पर सभा परिवार के सभी पदाधिकारी व सदस्यों समेत भक्तजन मौजूद रहे।

# मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम पर गहन मंथन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक बुधवार को क्लब की अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 11 मई (रविवार) को नैनीताल क्लब में होने वाले मदर्स डे (मातृ दिवस) के विशेष मौके पर होने वाले मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम पर गहन मंथन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की कामयाबी के लिए ज्योति ढौडियाल को मुख्य कार्यक्रम संयोजक जबकि डा. प्रगति जैन को सह संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में क्लब की सचिव सरिता त्रिपाठी ने बताया मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम के दौरान नैनीताल शहर की पांच संघर्षशील महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, इसके साथ ही शहर के



विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसका विषय मेरी मां- मेरा संसार होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आईजी कुमाऊं श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल होगी वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल करेंगी। बैठक में कार्यक्रम की मुख्य संयोजक ज्योति ढौडियाल ने शहर की सभी महिलाओं से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। ढौडियाल के मुताबिक कार्यक्रम 11 मई (रविवार) को अपराह्न ठीक एक बजे से शुरु किया जाएगा। बैठक में क्लब की संस्थापक अध्यक्ष हेमा भट्ट, कोऑर्डिनेटर रानी शाह समेत विनीता पांडे, रमा तिवारी, कविता त्रिपाठी व नीरजा शाह आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

### आउट सोर्सिंग कर्मियों का वेतन समय पर न देने पर रोष

**नैनीताल ।** नगर पालिका परिषद के अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने नगर पालिका के स्थायी व आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन समय पर न दिये जाने पर रोष जताया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पालिका के अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष को ज्ञापन भी सौंपकर मामले में त्वरित कार्रवाई करने की गुजारिश की है। जगाती ने कहा है कि नगर पालिका द्वारा तीन टोलो में 03 मूल पार्किंग/जिला प्रशासन की 02 (शत्रु सम्पत्ति) में स्वंय के द्वारा रूपये वसूले जा रहे हैं जिससे नगर पालिका की आय में बढोत्तरी हो रही है और कर विभाग से भी अच्छी खासी नगर पालिका की आय है।